पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में संपन्न मंत्री परिषद की बैठक में मंत्री परिषद ने श्री अजित पवार सहित अन्य लोगों के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

लखनऊ : 29 जनवरी, 2026

माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज संपन्न हुई मंत्री परिषद की बैठक में मंत्री परिषद ने मा० उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र श्री अजित पवार के निधन पर शोक प्रस्ताव में दिनांक 28 जनवरी, 2026 को बारामती, महाराष्ट्र में एक विमान दुर्घटना में माननीय उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र श्री अजित पवार सहित अन्य लोगों के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

यह जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत पुण्यात्माओं की शान्ति की कामना की है। मंत्रिपरिषद ने स्वर्गीय श्री अजित पवार को श्रद्धांजलि देते हुए महाराष्ट्र की जनता से उनके गहरे जुड़ाव का स्मरण किया। अपने दीर्घ सार्वजनिक जीवन में श्री पवार ने समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया। गरीबों एवं वंचितों को सशक्त बनाने तथा महाराष्ट्र के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय थी। श्री अजित पवार का असामयिक निधन एक अपूरणीय क्षति है।

---

सम्पर्क सूत्र– जयेन्द्र सिंह

राघवेन्द्र /05:00 **PM**

---

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in